जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 | अंक-5 | जयपुर, सोमवार, 3 फरवरी, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



# बजट 2025: मिडिल क्लास की मुराद पूरी

## 12.75 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक 4 दिन पहले आए आम बजट ने मिडिल क्लास की मुराद पूरी कर दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 76 मिनट के बजट भाषण के दौरान 75वें मिनट में जैसे ही कहा- नई टैक्स प्रणाली में 12 लाख तक सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, तो चेहरों पर खुशी दौड़ गई। वेतनभोगियों के लिए 75 हजार का स्टैंडर्ड डिडक्शन जोड़ दें तो कुल छूट 12.75 लाख हो जाती है। वित्त मंत्री ने कहा कि अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल आएगा। इससे टैक्स सिस्टम आसान और पारदर्शी हो जाएगा। केवाईसी आसान होगी। अपडेट रिटर्न फाइल करने की समय सीमा 2 साल से बढ़ाकर 4 साल कर दी, जिससे पुराने रिटर्न सुधारने का ज्यादा मौका मिलेगा। इससे पहले वित्त मंत्री ने बजट को GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) का बताया यानी इन चार कैटेगरी पर सबसे ज्यादा फोकस रहा। बता दें कि देश में 2023-24 के दौरान कुल 7.54 करोड़ करदाता थे। प्रस्तावित टैक्स छूट के बाद इनमें से करीब 88% करदाताओं पर कोई आयकर नहीं लगेगा।

### बजट की ये 12 अहम् घोषणाएँ जो डालेंगी सीधा असर

❖ 1. कैंसर में राहत: **दवाएं सस्ती, हर जिले में खुलेंगे डे केयर सेंटर-** बजट में कैंसर मरीजों पर पूरा फोकस किया गया। इसके तहत सरकार सभी 792 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर खोलेगी। इस साल 200 जिलों में खुलेंगे। 36 जीवन रक्षक दवाओं पर कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। 6 जीवन रक्षक दवाओं पर भी कस्टम ड्यूटी 5% की जाएगी। इससे कैंसर समेत कई जटिल बीमारियों की महंगी दवाएं सस्ती होंगी। 13 नए रोगी सहायता कार्यक्रम भी टैक्स फ्री रहेंगे।

❖ 2. स्टार्टअप: **10 हजार करोड़ का फंड, छूट पांच साल बढ़ाई-** नए उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपए का फंड बनाया। इससे वेंचर कैपिटल निवेश प्रोत्साहित होगा। नया फंड इन इकाइयों को आर्थिक मदद देगा। स्टार्टअप को मिलने वाली आयकर छूट 2025 में समाप्त हो रही थी, उसे बढ़ाकर 2030 कर दिया है। इसके अलावा, देश में 500 करोड़ रुपए में तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र खोले जाएंगे, जो एआई कौशल को बढ़ावा देंगे।

❖ 3. सीनियर सिटीजन: **1 लाख के बैंक ब्याज पर कटौती नहीं-** बजट में दो बड़ी घोषणाएं। पहली- बैंक ब्याज से 1 लाख रुपए तक की कमाई पर टीडीएस नहीं कटेगा। पहले यह सीमा 50 हजार रु. थी। दूसरी- जिनके पास पुराने नेशनल सेविंग्स स्कीम (एनएसएस) खाते हैं और जिनमें अब ब्याज नहीं मिलता, उनमें अगस्त 2024 के बाद की गई निकासी टैक्स फ्री। एनपीएस वात्सल्य खाते वालों को एनएसएस जैसे लाभ मिलेंगे। हालांकि यह ओवरऑल लिमिट्स के तहत रहेगा।

❖ 4. गिग वर्कर्स: **पहचान पत्र मिलेंगे, ई-पोर्टल पर दर्ज होंगे-** ऐसे कामगार जो ओला-उबर-स्विगी-जोमैटो जैसी संस्था या फर्म में अनुबंध पर काम करते हैं, इन्हें गिग वर्कर्स कहते हैं। इनके लिए सामाजिक और आर्थिक विकास की योजना है। इन्हें 5 लाख रुपए के फ्री इलाज वाली पीएम-जय योजना से जोड़ेंगे। सभी को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। इन्हें पहचान पत्र मिलेंगे। इनकी सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला हुआ है।

❖ 5. महिलाएं: **एससी व एसटी महिलाओं को 2 करोड़ तक लोन-** एससी-एससी वर्ग की जो महिलाएं पहली बार उद्यमी बनने जा रही हैं, उन्हें सरकार 2 करोड़ रुपए तक का कर्ज देगी। शुरुआत में यह लोन 5 लाख महिलाओं को मिलेगा। सरकार इन्हें वित्तीय सहायता के साथ ही मेंटरशिप की ट्रेनिंग भी दिलाएगी। महिलाओं और बच्चों के पोषण को मजबूत बनाने के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना बढ़ाएंगे।

❖ 6. एफडीआई: **बीमा सेक्टर में 100% विदेशी निवेश को मंजूरी-** बीमा सेक्टर में अब 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हो सकेगा। पहले यह सीमा 74% थी। हालांकि इसके साथ एक शर्त भी जोड़ी गई है। वो ये कि यह सीमा उन्हीं निवेशकों पर लागू होगी, जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करेंगे। वित्त मंत्री के इस ऐलान के बाद एलआईसी, एचडीएफसी लाइफ, न्यू इंडिया इंश्योरेंस, एसबीआई लाइफ के शेयर 3 फीसदी तक उछल गए।

❖ 7. अपना घर: **किराएदारों को इस साल 40 हजार घर सौंपेंगे-** इस साल सरकार 40 हजार सस्ते घर लोगों को सौंपेगी। ये घर उन लोगों को दिए जाएंगे, जो अपार्टमेंट खरीदने के लिए लोन ले चुके हैं, लेकिन अपार्टमेंट तैयार नहीं होने के चलते अभी किराए के घर में रह रहे हैं। यह पहल विशेष विंडो फॉर अफोर्डेबल एंड मिड-इनकम हाउसिंग स्कीम का हिस्सा होगी। इसके तहत 1 लाख सस्ते घरों के निर्माण के लिए 15 हजार करोड़ रु. का फंड तैयार होगा।

❖ 8. ईवी: **बैटरी निर्माण सामग्री पर कस्टम ड्यूटी खत्म की गई-** घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए टैक्स इंसेंटिव शुरू की गई है। इसमें कोबाल्ट पाउडर, जिंक, लेड, लीथियम-आयन बैटरी और अन्य स्क्रैप जैसे खनिजों से बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। ये सभी चीजें सेमीकंडक्टर और बैटरी जैसी चीजों को बनाने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, ईवी निर्माण में जरूरी 35 एडिशनल चीजें और फोन बैटरी बनाने में काम आने वाली 28 चीजें भी कर मुक्त।

❖ 9. रोजगार: **पांच साल में 2 करोड़ से ज्यादा को काम -** केंद्र ने कुछ नई योजनाएं घोषित की हैं। इससे 5 साल में फुटवियर व चमड़ा इंडस्ट्री में 22 लाख रोजगार बनेंगे। हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, धार्मिक पर्यटन के लिए कुशल कार्यबल तैयार होगा। होम स्टे के लिए मुद्रा लोन। इससे 50 लाख रोजगार आएंगे। एमएसएमई को छूट और स्टार्टअप के 10 हजार करोड़ के बजट से 50 लाख तो पीएम स्वनिधि विस्तार योजना से 10 लाख से ज्यादा नए स्ट्रीट वेंडर्स को अवसर मिलेंगे। गांवों में तकनीकी और कौशल प्रशिक्षण देने की स्कीम से करीब 50 लाख नए रोजगार बनेंगे।

❖ 10. ज्वैलरी: **सोने और चांदी के आयातित आभूषण सस्ते होंगे-** ज्वैलरी और उससे संबंधित आयातित उत्पादों पर सीमा शुल्क को 25% से घटाकर 20% किया। कटौती 2 फरवरी यानी रविवार से लागू होगी। इसमें आभूषणों के विभिन्न हिस्से, गोल्डस्मिथ, सिल्वरस्मिथ के उत्पाद हैं। प्लेटिनम फाइंडिंग्स पर भी कस्टम ड्यूटी 25% से घटाकर 6.4% कर दी है। इससे प्लेटिनम ज्वैलरी की कीमत कम होगी। लैब में हीरा बनाने के लिए आयातित बीजों पर कस्टम ड्यूटी में छूट खत्म।

❖ 11. किसान: **सब्सिडी वाले कार्ड पर 5 लाख तक कर्ज ले सकेंगे-** सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर 5 लाख रु. तक कर्ज ले सकेंगे। अभी यह सीमा 3 लाख है। इससे 7.7 करोड़ किसानों को फायदा। 100 जिलों में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना लॉन्च। ये वो जिले हैं, जहां उत्पादन कम होता है और औसत से कम क्रेडिट पैरामीटर है। इस योजना से 1.7 करोड़ किसानों को फायदा होगा। गांवों में रोजगार के नए अवसर तैयार करने के लिए ग्रामीण समृद्धि कार्यक्रम आएगा।

❖ 12. एमएसएमई: **2.50 करोड़ निवेश वाले सूक्ष्म उद्यम होंगे-** तीन घोषणाएं। पहली - सूक्ष्म व लघु उद्यम के लिए बैंक से क्रेडिट गारंटी कवर के अंतर्गत लोन की सीमा 5 से बढ़ाकर 10 करोड़ की। दूसरी- जो उद्यम 2.5 करोड़ (पहले 1 करोड़) तक निवेश करते हैं, वह सूक्ष्म, जो 25 करोड़ (पहले 10 करोड़) तक करते हैं, वो लघु और जो 125 करोड़ (पहले 50 करोड़) तक निवेश करते हैं, वो मझोले उद्यम कहलाएंगे। तीसरी- 10 करोड़ टर्नओवर वाले सूक्ष्म, 100 करोड़ वाले लघु, 500 रोड़ टर्नओवर वाले मझोले उद्यम कहलाएंगे।

# कवि कृष्ण कुमार सैनी हुए एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**दौसा (हमारा वतन)।** भारत की श्रेष्ठता और विश्व मानवता के महानायक सत्यवादी श्री वीर तेजाजी की 952वीं जयंती पर श्री वीर तेजाजी गौरव यात्रा एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह पिंक सिटी प्रेस क्लब, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक हरिराम किंवाड़ा ने बताया कि प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओं को वीर तेजाजी की जयंती पर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसमें दौसा जिले से साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय कवि चौपाल के जिलाध्यक्ष कवि कृष्ण कुमार सैनी को राष्ट्रीय सम्मान एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।



इससे पूर्व भी सैनी को साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यों में श्रेष्ठ योगदान के फलस्वरूप सैकड़ो पुरस्कार, अवार्ड और सम्मान प्राप्त हैं।

# बजट 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला-रामलाल शर्मा

**जयपुर (हमारा वतन)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में बजट पेश किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बार का बजट 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओ को पूरा करने वाला सिद्ध होगा। बजट में शिक्षा, ग़रीब, मध्यम वर्ग, रोजगार, किसान, महिला और युवाओं पर फोकस किया गया है। केंद्रीय बजट विकसित भारत को आधार बनाकर भारतवासियों की आकांक्षाओं को साकार करेगा। बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। अब नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख रुपए तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा।

बजट में घोषणा अनुसार किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना चलाई जाएगी। योजना में करीब 1.7 करोड़ किसानो को मदद मिलेगी। इस बजट में, 36 जीवन रक्षक दवाओं पर पूरी तरह से



ड्यूटी टैक्स खत्म किया जाएगा। जिससे कैंसर के इलाज की दवाएं सस्ती होंगी। किसानों के क्रेडिट कार्ड लिमिट अब 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए की गई। सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ में निवेश स्कूल तथा उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं की डिजिटल पुस्तकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय भाषा पुस्तक परियोजना का कार्यान्वयन किया जाएगा।

# हजारों ख्वाहिशें ऐसी ग़ज़ल संध्या के पोस्टर का हुआ विमोचन



**जयपुर (हमारा वतन)।** नई-नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए जाने जाने वाली जयपुर कल्चरल सोसायटी द्वारा जल्द ही एक ग़ज़ल संध्या हजारों ख्वाहिशें ऐसी का आयोजन किया जा रहा है।

जयपुर शहर के कागोत फूड एंड कैफे में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ अभिनेत्री और नृत्य गुरु उषा श्री के कर कमलों से पोस्टर का विमोचन किया गया। उषा श्री ने कार्यक्रम की अग्रिम शुभकामनाएँ दी। जयपुर कल्चरल सोसायटी की अध्यक्ष और कार्यक्रम आयोजक कंचन आनंद ने बताया कि हजारों ख्वाहिशें ऐसी ग़ज़ल संध्या सोसायटी के फाउंडर स्वर्गीय आनंद कुमार गंगवारजी की याद में आयोजित की जा रही है। यह ग़ज़ल संध्या जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में 9 मार्च को शाम 6 बजे से आयोजित की जाएगी। शहर के मशहूर सिंगर्स द्वारा गजलें प्रस्तुत की जाएगी। म्यूजिक डायरेक्टर निशांत तिवारी और पवन डांगी रहेंगे।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में स्पेशल गेस्ट दामोदर तोषनीवाल, केके पारीक, सोना बवेजा, इशिता भटनागर, बसंत कांवट, नवल डांगी मौजूद रहे। वहीं प्रियंका गौड़, अंजली वर्मा, रेखा रावत, रीता माथुर, मोहित माथुर, मधु नायक, विनीत उपाध्याय ,डीपी माथुर, अंबे माथुर, रणवीर, डॉ. रवि शंकर, मनोज शर्मा, राजेंद्र कुमार मित्तल सहित कई सिंगर भी मौजूद रहे।

# गोल्डन बेल्स एकेडमी में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के पक्का बंधा सामोद रोड स्थित गोल्डन बेल्स एकेडमी में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा स्कूल में झंडारोहण किया गया।

स्कूल डायरेक्टर जगविंद्र कौर ने बताया कि हमारे स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति, राजस्थानी, फिल्मी और इंग्लिश गानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेशकर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। हमारा स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर है।



समारोह में भाजपा कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, भाजपा आईटी से अंकित गरेड, चौमूं माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी, उपाध्यक्ष माया सांखला, महामंत्री मदनलाल सैनी, कोषाध्यक्ष कुमार गौरव सैनी, बीएल सैनी, समाजसेवी संतोष यादव, बनवारी चौधरी, प्रीति अग्रवाल, रामस्वरूप जांगिड़, मुकेश चोपड़ा, आलोक जांगिड़, एनआर यादव, अर्पित सैनी, मनोज सैनी, नानूराम यादव सहित कई लोगों ने शिरकत की। इस दौरान स्कूल स्टाफ सरोज चौधरी, शीला शर्मा, अंजलि कुमावत, पूर्णिमा, मधु जांगिड़, फरजाना, मोनिका जांगिड़, नितिन शर्मा सहित सभी बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# राजस्थान खादी संघ खादी बाग में मनाया गणतंत्रत दिवस

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी संघ खादी बाग चौमूं में 76वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। झंडारोहण संघ के अध्यक्ष ललित कुमार सैनी ने किया। संघ के अकाउंटेंट सियाराम शर्मा, संचालक मंडल के सदस्य मनोहर लाल मीणा ,नानगराम लांबा, व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार, विष्णु शर्मा,महादेव गुलिया, कार्यकर्ता गिरधारी लाल संत,महेश कुमार शर्मा,महेश कुमार व्यास,मदन कुमावत, प्रकाश सैनी ,अर्जुन लाल जाट,शैलेंद्र कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार शर्मा, मन्नालाल जाट, बंशीधर जाट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विराज फाउंडेशन ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमूं स्थित राजस्थान पेंशन मंच उप शाखा चौमूं के वरिष्ठ नागरिकों का स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपतराय की जयंती पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी एवं पदाधिकारियों ने दुपट्टा, ऊनी मफलर एवं स्वतंत्रता सेनानियों का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस दौरान प्रदेश संरक्षक पंडित सांवरमल शास्त्री एवं डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने लाला लाजपत राय जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान पेंशन मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, रामपाल कुमावत, सीताराम बुनकर, राजेंद्र प्रसाद काला, भैरव लाल यादव, सुशीला देवी, रामविलास शर्मा, मदनलाल शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार सोलंकी, ब्रजराज कंवर, रामधन पारीक का सम्मान किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों में बनवारी लाल शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, कैप्टन श्रीराम शर्मा, सत्य प्रकाश पारीक, कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत आदि लोग उपस्थित रहे।






# अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल में मनाया 76वाँ गणतंत्र दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के गिरिराज नगर स्थित अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल में 76वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इससे पूर्व आए हुए अतिथियों ने झंडारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर मालीराम यादव और प्रिंसिपल संगीता तिवाडी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौमूं नगर परिषद सभापति विष्णु कुमार सैनी रहे। विशिष्ट अतिथि उपसभापति किरण शर्मा, गोविंद अग्रवाल, समाजसेवी पंकज शर्मा, बालाजी डेंटल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर जेपी सैनी ,जान्हवी गर्ल्स हॉस्टल की डायरेक्टर सुषमा यादव, संभागीय संस्कृत शिक्षा विभाग अधिकारी मुरारी राव, पूर्व कांग्रेस महासचिव राजकुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ, अभिभावक और शहरवासी मौजूद रहे।

# ज्वेलरी शॉप में लाखों की चोरी

**जयपुर(नि.सं.)।** जयपुर में एक ज्वेलरी शॉप में चोरी का मामला सामने आया है। शटर ऊंचा कर शॉप में घुसे बदमाश लाखों के गहने और कैश चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात को अंजाम देने बदमाश ऑटो रिक्शा लेकर आए थे। करणी विहार थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। एसएचओ (करणी विहार) महावीर सिंह ने बताया-कमला नेहरू नगर धावास निवासी गिरधारी लाल सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कनक विहार में उसकी ज्वेलरी की शॉप है। बुधवार रात को वह रोजाना की तरह शॉप को लॉक लगाकर अपने घर चले गए। देर रात बदमाशों ने चोरी के लिए शॉप को निशाना बनाया। ऑटो रिक्शा से आए चार-पांच बदमाशों ने शटर खींचकर ऊंचा कर लिया। शटर को ऊंचा कर बदमाश शॉप में अंदर घुस गया। शॉप में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने और करीब 2 लाख रुपए चोरी कर लिए। महज कुछ ही देर में वारदात को अंजाम देकर अपने साथियों की मदद से शटर ऊंचा कर बाहर निकल आया। लाखों रुपए कीमत के गहने और कैश लेकर बदमाश ऑटो रिक्शा में बैठकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह लॉक खोलने पर ज्वेलरी शॉप में चोरी का पता चला।

# रोम रोम में राम

## (इकराम सतसई)

कड़ी 19



भगवान राम, हमारी आस्था के विश्वास हैं, इस समस्त सृष्टि की श्वांस हैं !
सारे जगत के हैं!
जिन मुस्लिम कवियों और शायरों ने राम और कृष्ण पर लेखनी चलाई है।
उन राष्ट्र भक्त महान व्यक्तियों की परंपरा में , आज के युग में इकराम राजस्थानी राष्ट्र रत्न का नाम अग्रणी है !

**प्रस्तुत है उनकी लेखनी का ये साप्ताहिक धारावाहिक**

91. मोह माया सब त्याग दे,लगा राम में ध्यान!
राम रतन धन पाएगा,तब मुरख नादान!!
92. पहले तो भेजा तुम्हें,देखो ये संसार !
फिर समझाने आ गए,लिया राम अवतार!!
93. जिसने समझा ही नहीं,क्या है राम अर्थ?
वो पागल संसार में,बस आया है व्यर्थ!!
94. जो रटता है राम को प्रति पल,आठों याम!
रोम रोम में बस रहे, उसके स्वयं श्री राम!!
95. पल में वो हो जाएगी, भव सागर से पार!
जिस नैया के राम जी,खुद हो खेवन हार!!



इकराम राजस्थानी




# जॉब्स

1. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड आरआरबी, पद ग्रुप डी, पद संख्या 32000, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2025
2. डीएफसीसीआईएल, पद एमटीएस व अन्य, पद संख्या 642, अंतिम तिथि 16 फरवरी 2025
3. यूपीएससी, पद आईएएस/ आईएफएस, पद संख्या 1129, अंतिम तिथि 11 फरवरी 2025
4. डीएसएसएसबी, पद पीजीटी, पद संख्या 432, अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025
5. आरपीएससी, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 575 अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025
6. सीआईएसएफ, पद कांस्टेबल ड्राइवर, पद संख्या 1124, अंतिम तिथि 4 मार्च 2025
7. सेमीकंडक्टर लैबोरेट्री, पद असिस्टेंट, पद संख्या 25, अंतिम तिथि 26 फरवरी 2025
8. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद स्टेनोग्राफर ग्रेड थर्ड, पद संख्या 144, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2025



# विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारम्भ

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** शहर के सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में 2 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारम्भ हुआ ।

कथा आयोजक सत्यनारायण सर्राफ व यज्ञ दत सर्राफ ने बताया कि शुभारम्भ से पूर्व प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर से 108 महिलाओं के द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी ।कथा प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक कथा वाचक पंडित रामबाबू शास्त्री के द्वारा की जा रही है।

इस दौरान श्री श्याम मित्र मंडल, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी, श्री अंतरराष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ चौमूं, श्री राम नवयुवक सुंदरकांड मंडल चौमूं, बाबा अमरनाथ कांवड़िया संघ चौमूं , श्री राधे कृपालु प्रेम रस मंडल चौमूं के पदाधिकारी गण मौजूद रहे ।

कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश बारी, कावडिया संघ के मंत्री अशोक पारीक, व्यवस्थापक राजेंद्र गुलिया, अश्विनी शर्मा, पार्षद सुनील अग्रवाल, हर्ष शर्मा, देव सोनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ब्रेकफास्ट में हर रोज़ 1 केला खाना महिलाओं के लिए है फायदेमंद

बाज़ार के लैंगिक बंटवारे ने फलों को भी बांट दिया है। अलग- अलग विज्ञापनों के द्वारा यह साबित किया जाता है कि केला सिर्फ पुरुषों में शरीर की ताकत बढ़ाने के लिए है। जबकि महिलाएं अगर केला खाएं तो उन पर बुढ़ापा देर से आएगा। सुबह के समय महिलाएं अक्सर जल्दबाजी में होती हैं, और ऐसे में ब्रेकफास्ट स्किप कर देती हैं। एक स्वस्थ दिन की शुरुआत करने के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट लेना बहुत जरूरी है। ब्रेकफास्ट आपको पूरे दिन संतुष्ट रखता है और अनचाही क्रेविंग्स को नियंत्रित रखता है। बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जो ब्रेकफास्ट विकल्पों को लेकर बेहद कंफ्यूज रहती हैं, तो ऐसे में केला आपकी इस कंफ्यूजन दूर कर सकता है। सुबह के समय महिलाएं ब्रेकफास्ट में एक से दो केला खा सकती हैं। यह असल में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विशेष रूप से महिलाओं को पूरे दिन अधिक एनर्जेटिक रहने में मदद करता है।हालांकि, कई महिलाओं के मन में यह सवाल आ सकता है, कि क्या ब्रेकफास्ट में केवल केला खाया जा सकता है। क्या अकेला केला ब्रेकफास्ट की आवश्यकता को पूरा करने में समर्थ है। तो आज हम आपको बताएंगे ब्रेकफास्ट में केला खाने के फायदे। साथ ही जानेंगे ब्रेकफास्ट में केला खाने का सही तरीका क्या है।




**सुबह ब्रेकफास्ट में केला खाना हेल्दी है या नहीं**-सुबह के समय ब्रेकफास्ट में फलों का सेवन एक स्वस्थ विकल्प माना जाता है। रात भर फास्टिंग करने से पेट में एसिड जमा हो सकता है। मसालेदार या तला हुआ कुछ भी खाने से रात में गैस्ट्राइटिस हो सकती है। हालांकि, केले पेट के लिए सूदिंग होते हैं और उनमें एंटासिड गुण होता है। इसके अलावा, इसके फ्लेवोनोइड्स में से एक, ल्यूकोसायनिडिन है, जो पेट के अल्सर से बचाव करता है। ब्रेकफास्ट में केला खाने से आपको डाइट में कई पौष्टिक तत्व जुड़ जाते हैं। केला नेचुरल शुगर, फाइबर, मिनरल और कई महत्वपूर्ण विटामिन प्रदान करता है। हालांकि, खाली पेट केवल केला खाने से शुगर स्पाइक हो सकता है। जिससे बचने के लिए आप अपने नाश्ते में अन्य विकल्पों में केला शामिल कर सकती हैं। इसे स्मूदी में ऐड करें, या ओट्स और अन्य अनाज के साथ लें। वहीं आप केले में गेहूं का आटा मिलकर पैनकेक तैयार कर सकती हैं। यदि आप चिला खा रही हैं, तो उसे खाने के बाद एक केला खा लें, या अन्य किसी भी चीज के साथ केला ले सकती हैं। इसके सेवन से महिलाओं को कई फायदे प्राप्त होते हैं, वहीं यह बच्चों के लिए भी एक हेल्दी ब्रेकफास्ट विकल्प साबित हो सकता है।

# पेट खराब भी कर सकता है त्रिफला का ज्यादा सेवन, जानिए इस आयुर्वेदिक चूर्ण के साइड इफेक्ट

तीन फलों की बराबर मात्रा लेकर तैयार किए जाने वाले इस चूरन में लेक्सेटिव, एंटी हाइपरटेंसिव, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ढ़ेरों गुणों से भरपूर त्रिफला पाउडर का अत्यधिक सेवन स्वास्थ्य को फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकता है।आयुर्वेद की दृष्टि में त्रिफला एक कारगर औषधी है, जिसका इस्तेमाल कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाता है। इसे तैयार करने के लिए तीन फलों का प्रयोग किया जाता है। आमला, बिभीतकी और हरड़ को मिलाकर इस औषधी को तैयार किया जाता है। इसके सेवन से जहां पाचनतंत्र को मज़बूती मिलती है, तो वहीं वेटलॉस में भी फासदेमंद साबित होता है। ढ़ेरों गुणों से भरपूर इस पाउडर का अत्यधिक सेवन स्वास्थ्य को फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में डॉक्टर की सलाह के बिना इसका सेवन स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा सकता है। जानते हैं त्रिफला किस तरह से स्वास्थ्य के लिए नुकसान का कारण साबित हो सकती है ।

**त्रिफला है गुणों से भरपूर**-इस बारे में डायटीशियन श्वेता शाह बताती हैं कि शरीर का डिटॉक करने से लेकर डाइजेशन को बूस्ट करने तक त्रिफला का प्रयोग किया जाता है। आम्ला, बिभीतकी और हरड़ से तैयार होने वाले इस पाउडर का आहार में नियमित मात्रा से ज्यादा इस्तेमाल वात संतुलन को नुकसान पहुंचाता है। इसके चलते शरीर में शुष्कता बढ़ने लगती है और डाइजेशन कमज़ोर हो जाता है। ऐसे में शरीर में कमज़ोरी, ब्लोटिंग और डायरिया का सामना करना पड़ता है।

# बॉलीवुड चटकारा




## मलाइका अरोड़ा ने ऑल-ब्लैक एक्टिववियर में अपनी परफेक्ट टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट की फोटो



वीडियो में मलाइका अरोड़ा ने ऑल-ब्लैक एक्टिववियर पहना हुआ था और उन्होंने ब्लैक सनग्लास और बन में बंधे बालों के साथ अपने लुक को पूरा किया। उनकी परफेक्ट टोन्ड बॉडी फिटनेस के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।मलाइका अरोड़ा गोवा में कुछ समय बिताने के बाद मुंबई वापस आ गई हैं। आज सुबह उनकी बिल्डिंग के बाहर तस्वीरें खींची गईं। ऑनलाइन प्रसारित हो रहे एक वीडियो में, हम उन्हें योगा सेशन के बाद कार से उतरते और अपनी बिल्डिंग की ओर बढ़ते हुए देख सकते हैं। बिल्डिंग में प्रवेश करने से पहले, उन्होंने जल्दी से पैपराज़ी की ओर हाथ हिलाया और उन्हें देखकर मुस्कुराईं। बाद में, वह बिल्डिंग के सुरक्षा गार्ड से भी बातचीत करती हैं।

वीडियो में मलाइका ने ऑल-ब्लैक एक्टिववियर पहना हुआ था और उन्होंने ब्लैक सनग्लास और बन में बंधे बालों के साथ अपने लुक को पूरा किया। उनकी परफेक्ट टोन्ड बॉडी फिटनेस के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है, जो हम सभी को तुरंत जिम जाने के लिए मजबूर करती है। इससे पहले, मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह बॉडी-हगिंग गाउन में अपनी टोन्ड फिगर को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। खूबसूरत तस्वीरों में वह सफेद रंग में कुछ बेहतरीन पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ मलाइका ने लिखा, सनसेट्स और भी बहुत कुछ। मलाइका अरोड़ा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं।

## माहिरा शर्मा की मां ने बताया मोहम्मद सिराज से अफेयर का सच, बोलीं- मेरी बेटी सिलेब्रिटी है तो



क्रिकेटर मोहम्मद सिराज इन दिनों अपने लिंकअप की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। आशा भोसले की पोती के बाद उनका नाम माहिरा शर्मा के साथ जोड़ा जा रहा है। अब माहिरा की मां ने इन खबरों का जवाब दिया है। बिग बॉस 13 कंटेस्टेंट माहिरा शर्मा और क्रिकेटर मोहम्मद सिराज के लिंकअप की खबरें सुर्खियों में हैं। अब इन खबरों पर माहिरा की मां का बयान आया है। उनका कहना है कि माहिरा सिलेब हैं तो लोग कुछ भी बोलते रहते हैं। उनके और सिराज के बीच अफेयर की खबरें गलत हैं। उन्होंने नाराजगी जताई कि किसी के साथ भी नाम जोड़ दिया जाता है।माहिरा की मां सोनिया शर्मा ने टेली टॉक इंडिया से बातचीत में माहिरा और सिराज के लिंकअप की खबरों का खंडन किया। जब सोनिया शर्मा से उनकी बेटी के अफेयर की खबरों के बारे में पूछा गया तो वह चौंक गईं। बोलीं, क्या? ये क्या बोल रहे हैं आप। ऐसा कुछ भी नहीं है। लोग तो कुछ भी बोलते हैं। अभी मेरी बेटी सिलेब्रिटी है तो लोग अपना मुंह खोलकर किसी से भी उसका नाम जोड़ देंगे, तो हम क्या उसे मान लें? यह खबर पूरी तरह से झूठ है। **दो लोगों से जुड़ चुका सिराज का नाम**-बता दें कि टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि माहिरा शर्मा और मोहम्मद सिराज एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इससे पहले सिराज और आशा भोसले की पोती जनाई के लिंकअप की खबरें आई थीं। हालांकि दोनों ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को भाई-बहन लिख दिया था इसके बाद ये अफवाएं खत्म हो गईं।

## 'Roadies' के सेट पर हुई बेहोश नेहा धूपिया, फिर भी शूट पूरा करने के लिए लौटीं तुरंत



अभिनेत्री नेहा धूपिया, जो अपनी मज़बूत इच्छाशक्ति और समर्पण के लिए जानी जाती हैं, हाल ही में 'रोडीज़' के नए सीज़न की शूटिंग के दौरान बेहोश हो गईं, जिससे उनके प्रशंसकों को चिंता हो गई। नेहा पिछले एक महीने से लगातार अलग-अलग शहरों और छोटे कस्बों में रोडीज़ ऑडिशन के लिए सफर कर रही थीं, इस दौरान वह अपने परिवार और बच्चों से दूर रहीं। प्रोमो में दिखाया गया, जिसमें नेहा सेट पर अचानक चक्कर खाकर बेहोश हो जाती हैं। हालांकि, उन्होंने तुरंत खुद को संभाला और शूटिंग जारी रखी, जिससे उनकी मज़बूती और पेशेवर अंदाज़ एक बार फिर साबित हुआ। नेहा ने इस घटना पर बात करते हुए कहा, यह एक हल्का स्वास्थ्य संबंधित मामला था, लेकिन अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और पहले से भी ज़्यादा प्रेरित महसूस कर रही हूं। 'रोडीज़' हमेशा से सीमाओं को लांघने और अपनी क्षमताओं को साबित करने का मंच रहा है। यह सफर मुझे हर मुश्किल से उबरने की प्रेरणा देता है, और मुझे कोई रोक नहीं सकता।शो के प्रोडक्शन टीम के एक सदस्य ने कहा, नेहा का समर्पण वाकई काबिले तारीफ है।

टिकिट

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# प्रयागराज महाकुंभ के हृदयविदारक हादसे के लिए जिम्मेदार कौन?

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या ब्रह्ममुहूर्त स्नान से ठीक पहले संगम नोज पर जुटी बेकाबू भीड़ की आपाधापी से जो भगदड़ मची और हृदय विदारक घटना घटी, उससे सनातन धर्म पुनः कलंकित हुआ है। इस अप्रत्याशित हादसे से एक बार फिर हमारा धर्म अनुशासन सवालों के घेरे में आ चुका है। साथ ही साथ भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी प्रशासनिक तैयारियां भी, जिसको लेकर लाख प्रशासनिक दावे होते रहे हैं,


राम गोपाल सैनी

जबकि एकाध घटनाएं ही उसकी तैयारियों की पूरी पोल खोल देती हैं। इसलिए सुलगता सवाल है कि प्रयागराज महाकुंभ में भीड़ प्रबंधन की विफलता से हुए हृदयविदारक हादसे के लिए जवाबदेह कौन है? जिम्मेदार कौन है? आखिर ब्रेक के बाद जहां-तहां होते रहने वाली ऐसी रूह कंपा देने वाली घटनाओं को रोकने में हमारा प्रशासन अबतक नाकाम क्यों है और वह कबतक सक्षम हो पाएगा? या फिर कभी नहीं हो पाएगा, क्योंकि ऐसे मामलों में उसका ट्रैक रिकॉर्ड हमेशा खराब प्रतीत हुआ है। फिलहाल योगी सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ हादसे की न्यायिक जांच करवाने के आदेश दे दिए हैं, ताकि यह पता चल सके कि इतनी बड़ी प्रशासनिक चूक कैसे हुई और उसके लिए कौन-कौन लोग जिम्मेदार है? क्योंकि इतने महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में पहले हुई अग्निकांड की घटनाएं और फिर अनियंत्रित भीड़ से मची भगदड़ के चलते वहां की पूरी प्रशासनिक तैयारी भी एक बार पुनः सवालों के घेरे में आ चुकी है। कहना न होगा कि वहां जो कुछ भी हुआ, वह भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी प्रशासनिक विवेक के अकाल का परिचायक तो है ही, साथ ही साथ उसके त्वरित निर्णय लेने की क्षमता की अक्षमता को भी उजागर कर चुका है। जबकि वहां सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और हेलीकॉप्टर तक से निगहबानी हो रही है, ताकि त्वरित निर्णय लेते हुए स्थिति पर काबू पाया जा सके। वहीं, सवाल यह भी है कि इस हादसे के बाद आवागमन व वीआईपी व्यवस्था सम्बन्धी जो नीतिगत बदलाव किए गए, वह पहले ही क्यों नहीं किए गए? चूंकि महाकुंभ सम्बन्धी तैयारियां महीनों पहले से चल रही थीं और करोड़ों लोगों के जुटने के पूर्वानुमान भी लगाए जा चुके थे। फिर भी वहां हुई प्रशासनिक तैयारी तो नाकाफी लगी ही, साथ ही साथ श्रद्धालुओं के लिए कष्ट प्रदायक भी महसूस हुई। क्योंकि उनमें बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और विकलांग लोगों की सहूलियत का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। इसलिए हताहतों व घायलों की सूची में उनकी संख्या ज्यादा है। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, इस घटना में जहां लगभग 30 श्रद्धालुओं को अमरत्व यानी देवलोक प्राप्त हो गया, वहीं लगभग 100 लोग कुचल जाने के कारण घायल हो गए, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं, मृतकों के शवों को पाने में भी परिजनों को काफी तकलीफें उठानी पड़ी हैं। जबकि इस भगदड़ में बिछुड़े हुए परिजनों की जो व्यथा-कथा दिखाई सुनाई पड़ी, वह भी विचलित करने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दुःखद घटना ने जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हृदय को द्रवित कर दिया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भावुक नजर आए। हालांकि, योगी सरकार ने पीड़ितों के दुःखों को कम करने के लिए कतिपय राहत उपाय भी घोषित किये हैं, जिसके मुताबिक मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे और घायलों को समुचित इलाज प्रदान किया जाएगा। इससे पीड़ित परिवारों को कुछ राहत भी मिली है।

# पंच गौरव के तहत मोरीजा में हुआ मैत्री कबड्डी मैच का आयोजन

**चौमूं (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत मोरीजा में जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार एक जिला एक खेल कबड्डी पंच गौरव जयपुर के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरीजा बस स्टैंड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मोरीजा व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मध्य मैत्री कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच मंगलचंद सैनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर विजेता टीम वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मोरीजा को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जेईएन मनीष कुमार जाट, ग्राम विकास अधिकारी



मामराज शर्मा, सुरेश शर्मा, रामबाबू सैनी, शारीरिक शिक्षक विक्रम मीणा,श्रवण कुमार शर्मा, प्राध्यापक नंदकिशोर मोरदिया सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सेवानी 26 स्पेशल : सेवाधारी ने 104 वर्ष के बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

**जयपुर (हमारा वतन)।** सेवानी ग्रुप ऑफ कंपनीज़ एंड दिशा क्लासेज के डायरेक्टर सेवाधारी नरेंद्र सेवानी ने 26 जनवरी पर सेवानी 26 स्पेशल कार्यक्रम आयोजित कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सेवाधारी नरेंद्र कुमार सेवानी द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चौमूं की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मंगला दीदी के भव्य स्वागत से हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सम्मान किया।

सेवानी ने सभी बुजुर्गों के पैर छुए, माल्यार्पण किया और शॉल ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। करीब 26 लोगों को सम्मान के रूप में रामलला का चित्र, संस्कार परिवर्तन व्यवहार शुद्धि नाम से ब्रह्माकुमारीज किताब एवं फलों का टोकरा दिया गया।



इस दौरान शांति देवी, नैंसी देवी, मुरली देवी, शांति देवी, प्रभाती देवी, रामसहाय, प्रभु दयाल शर्मा, सत्येंद्र मोहन तिवाडी, सत्यनारायण शर्मा, मदनलाल सेन, डॉ. सीताराम काछवाल, चंदा देवी नंदवानी, चौथमल सैनी, कमला देवी, अलीम, मोहन बागड़ा, प्रभु राम सैनी, पाना देवी, श्रवणी देवी, सरस्वती, रमजान, चौथी देवी, प्रेम देवी, इब्राहिम,अरविंद तांबी, गोपाल, नरसिंह, सूरजमल सैनी, छोटी लाल सैनी सहित 26 बुजुर्गों का नरेंद्र कुमार सेवानी ने आशीर्वाद लिया।

# श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम महारकलां स्थित श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था निदेशक रामलाल सैनी ने की । मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सिंगोदिया व विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार यादव, रामजी लाल सिंगाडिया, मुनेश पुरी गोस्वामी ने संस्था में झण्डारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। तिरंगे की शान पर संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । नन्हें-मुन्हे बच्चे देशभक्ति गानों पर थिरकते दिखे । इस मौके पर न्यूजीलैंड से आए विदेशी मेहमान सारा कौर का एसएमजेएफ महिला महाविद्यालय संचालिका आशा सैनी द्वारा राजस्थानी परम्परा अनुसार पीली चुनरी ओढाकर स्वागत सत्कार किया गया । विदेशी मेहमान सारा कौर ने राजस्थानी परपंरा की खूब प्रशंसा की और संस्था परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की । संस्था निदेशक रामलाल सैनी ने कहा कि संविधान की मूलभूत प्रक्रिया से ही देश का संचालन लोकतंत्र के हित में हैं । गणतंत्र



दिवस के दिन हमारे देश का बुनियादी भावनाओं के अनुसार बना संविधान लागू हुआ।

आज प्रत्येक व्यक्ति को मौलिक अधिकार मिले हैं और शिक्षा का अधिकार मिला जिससे व्यक्तित्व का विकास संभव हैं।




# म्यूजिकल सफ़र इंडिया ने वृद्धाश्रम में मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)।** संगीत की जानी मानी संस्था म्यूजिकल सफ़र इंडिया ने 76 वां गणतंत्र दिवस वृद्धजनों के साथ बड़ी धूमधाम से वृद्धाश्रम में मनाया। प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक द्वारा आयोजित बहुत सारी खेल गतिविधियों का भी वो हिस्सा बने और कुछ लोगो ने जीवन का मर्म समझने हेतु कविताएं प्रस्तुत की तो कुछ एक ने नृत्य कर अपनी खुशी का इज़हार किया। संस्थापक सपना पाठक ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले सात सालों से निरंतर इस तरह के विभिन्न चैरिटी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है, जिससे इन बुजुर्गों को ये महसूस हो कि ये भी समाज का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है, कोई उपेक्षित वर्ग नहीं है।

RNI No. 10311/1965 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512 उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759 सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।